Date – 28th Feb. 2023

Newspaper Name – Punjab Kesari

-

पंजाब केसरी
DELHI
PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

बढ़ी स्वीकार्यता के साथ आधार हुआ और सुरक्षित व प्रमाणिक

वित्तीय लेन-देन सुरक्षित होने से आधार के प्रति लोगों का बढ़ा विश्वास

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : आधार कार्ड की स्वीकार्यता बढ़ने के साथ ही इसमें नए फीचर्स जोड़ कर इसे और भी उपयोगी बना दिया गया है। अब इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ते हुए इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार आधारित फिंगरप्रिंट प्रमाणीकरण और धोखाधड़ी के प्रयासों का तेजी से पता लगाने के लिए एक नया सिक्योरिटी सिस्टम शुरू किया है। भारत में ही विकसित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (एआई/एमएल) आधारित सुरक्षा तंत्र अब कैप्चर किए गए फिंगर प्रिंट की जांच करने के लिए फिंगर मिन्यूशिया और फिंगर इमेज दोनों के संयोजन का उपयोग कर रहा है। यह आधार प्रमाणीकरण लेनदेन को और भी मजबूत और सुरक्षित बनाएगा।

नई दोहरी सिक्योरिटी सिस्टम बैंकिंग और वित्तीय लेन-देन फुलप्रूफ

इसमें नई दोहरी सुरक्षा टू फैक्टर या लेयर ऑथेंटिकेशन ऐड-ऑन चेक जोड़ा जा रहा है ताकि फिंगरप्रिंट की प्रामाणिकता को सत्यापित किया जा सके। इस नई सुविधा से धोखाधड़ी के प्रयासों की संभावना को और भी कम किया

जा सकता है। यह कदम बैंकिंग और वित्तीय, दूरसंचार और सरकारी क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में अत्यधिक उपयोगी होगा। यह समाज के अंतिम तबके को भी लाभान्वित करेगा, क्योंकि यह आधार सक्षम भुगतान प्रणाली को और मजबूत करेगा और असामाजिक तत्वों द्वारा दुर्भावनापूर्ण प्रयासों पर अंकुश लगाएगा। अब आधार आधारित फिंगरप्रिंट प्रमाणीकरण का नया सुरक्षा तंत्र पूरी तरह से संचालित हो गया है। यूआईडीएआई द्वारा अपने भागीदारों और उपयोगकर्ता एजेंसियों के साथ कई महीनों की चर्चा और सहयोग के बाद यह शुरू किया गया है।

प्रमाणिकता बढ़ाने के लिए एजेंसियों को श्रेय

प्रमाणीकरण उपयोगकर्ता एजेंसियों (एयूए) के साथ यूआईडीएआई की निरंतर सहभागिता और उचित श्रम किया गया है। एयूए एक इकाई है जो प्रमाणीकरण सेवा एजेंसी द्वारा सुविधा के अनुसार प्रमाणीकरण का उपयोग करके आधार धारकों को आधार सक्षम सेवाएं प्रदान करने के काम में लगी हुई हैं। सब एयूए वे एजेंसियां हैं जो मौजूदा अनुरोधकर्ता इकाई के माध्यम से अपनी सेवाओं को सक्षम करने के लिए आधार प्रमाणीकरण का उपयोग करती हैं। यूआईडीएआई ने आधार कार्ड की स्वीकार्यता और प्रमाणिकता को बढ़ाने में सहयोग देने के लिए सभी एयूए और सब एयूए के प्रति आभार प्रकट किया है।

लेन-देन 8,900 करोड़ के पार

नई प्रणाली से उंगली की छवि या केवल उंगली के सूक्ष्म भाग आधारित आधार प्रमाणीकरण से दो तरह से प्रमाणीकरण होगा और इससे सभी हितधारकों को लाभ होगा। यूआईडीएआई का मुख्य कार्यालय और इसके क्षेत्रीय कार्यालय किसी भी उपयोगकर्ता एजेंसी, जो अभी तक माइग्रेट नहीं हुए हैं उनको जल्द से जल्द नए सुरक्षित प्रमाणीकरण मोड में बदलने की सुविधा के लिए सभी संस्थाओं के संपर्क में हैं। आधार आधारित प्रमाणीकरण लेन-देन को अपनाने में वृद्धि देखी जा रही है। यह समाज में कई कल्याणकारी लाभों और सेवाओं का लाभ उठाने में मददगार साबित हुआ है।